चैत्र शुक्ल पक्ष द्वादशी
विक्रम संवत 2082

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बुधवार, 9 अप्रैल 2025
वर्ष 6, अंक 138, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

PAGE NO 5 : BOTTOM

# इंटर स्कूल क्रिकेट और फुटबॉल टूर्नामेंट में शामिल होंगी 33 टीमें

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** एसआरएमएस कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (सीईटी) इस बार श्रीराम मूर्ति मेमोरियल इंटर स्कूल क्रिकेट एवं फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन कर रहा है। बरेली क्रिकेट एवं फुटबॉल एसोसिएशन से मान्यता प्राप्त इन दोनों टूर्नामेंट में बरेली में संचालित 26 स्कूलों की 33 टीमें शामिल होंगी।

21 टीमें इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट में खेलेंगी, जबकि 12 टीमें इंटर स्कूल फुटबॉल टूर्नामेंट में शामिल होंगी। क्रिकेट टूर्नामेंट 9 से 19 अप्रैल के बीच और फुटबॉल टूर्नामेंट 16 से 19 अप्रैल के बीच एसआरएमएस कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (सीईटी) स्थित क्रिकेट और फुटबॉल स्टेडियम में होगा। आयोजन समिति के ऑर्गनाइजिंग सेक्रेटरी डा. सोवन मोहंती ने बताया कि इस बार इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट का सीजन सिक्स होगा। साथ ही पहला इंटर स्कूल फुटबॉल टूर्नामेंट भी आयोजित किया जा रहा है। कुछ स्कूलों से क्रिकेट और फुटबॉल दोनों टूर्नामेंट में टीमें शामिल हो रही हैं। क्रिकेट और फुटबॉल दोनों में सभी टीमों को ए और बी दो ग्रुपों में रखा गया है। नॉकआउट आधार पर दोनों टूर्नामेंट होंगे। क्रिकेट टूर्नामेंट में कुल 20 मैच होंगे, जबकि फुटबॉल टूर्नामेंट में 11 मैच खेले जाएंगे। इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट की शुरुआत 9 अप्रैल को बासुबरल सरस्वती और पीएम श्री केवी एनईआर के मैच से, जबकि इंटर स्कूल फुटबॉल टूर्नामेंट का आगाज 16 अप्रैल को मानस स्थली स्कूल और बेदी इंटरनेशनल स्कूल के मैच से होगा। क्रिकेट टूर्नामेंट में प्रतिदिन 2 मैच खेले जाएंगे, जबकि फुटबॉल में प्रतिदिन 4 मैच होंगे। क्रिकेट और फुटबॉल दोनों टूर्नामेंट का फाइनल 19 अप्रैल को खेला जाएगा।

- **आज क्रिकेट और 16 अप्रैल को फुटबॉल मैच के साथ टूर्नामेंट की शुरुआत होगी**